**THE WEST BENGAL COUNCIL OF RABINDRA OPEN SCHOOLING**

**MADHYAMIK PARIKSHA (SECONDARY EXAMINATION) DECEMBER, 2024**

# हिन्दी
# (पुरातन पाठक्रम)

**(Hindi)**

**(Old Syllabus)**

Who registered their names before June, 2023 onwards.

**Time: 3 Hours 15 Minutes** **Full Marks: 90**

## General Instructions for the Examinees

Candidates should write their Name, Roll No. and Registration No. in their respective answer scripts.

The first 15 Minutes are allotted for reading the question paper.
Answers should be in brief and to the point.

Write correct question no. against each answer.

Special credit will be given for answers which are brief and to the point.

Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting.
In the right side the marks of questions are given.

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1×17=17

(i) 'विनयपत्रिका' के रचनाकार हैं

(क) तुलसीदास (ख) कबीरदास

(ग) केशवदास (घ) नरहरिदास

(ii) 'रसखान' मनुष्य के रूप में कहाँ बसना चाहते हैं?

(क) मथुरा (ख) ब्रज

(ग) काशी (घ) वृन्दावन

(iii) लोग सगा कब बन जाते हैं?

(क) अनाज होने पर (ख) ज्ञान होने पर

(ग) संपति रहने पर (घ) शत्रुता रहने पर

(iv) खेतों में क्या फैली हुई है?

(क) धूप (ख) मिट्टी

(ग) चाँदनी (घ) हरियाली

(v) पंत सुकुमार कवि हैं

(क) प्रकृति के (ख) संगीत के

(ग) कविता के (घ) साहित्य के

(vi) 'भिक्षुक' कविता कवि निराला के किस काव्य संग्रह से ली गई है?

(क) परिमल (ख) अनामिका

(ग) गीतिका (घ) बेला

(vii) ईश्वर प्राप्ति में बाधक है

(क) संसार (ख) मोहमाया

(ग) मित्र (घ) अज्ञानता

(viii) हामिद की दादी गद्‌गद्‌ हो गई

(क) मिठाई पाकर (ख) चिमटा पाकर

(ग) खिलौने पाकर (घ) रूपये पाकर

(ix) रवीन्द्रनाथ को उनके किस रचना पर नोबल पुरस्कार मिला?

(क) गीतांजलि (ख) पुष्पांजलि

(ग) प्रेमांजलि (घ) रूपांजलि

(x) समाज में किसकी व्याख्या बदल गई है?

(क) भोग की (ख) मुक्ति की

(ग) सुख की (घ) योग की

(xi) महादेवी वर्मा किस धारा की लेखिका हैं?

(क) छायावाद (ख) प्रगतिवाद

(ग) प्रयोगवाद (घ) इनमें से कोई नहीं

(xii) 'ईद' क्या है?

(क) मुस्लिम त्यौहार (ख) हिन्दु त्यौहार

(ग) ईसाई त्यौहार (घ) सिक्ख त्यौहार

(xiii) 'दशानन' में कौन-सा समास है?

(क) बहुब्रीहि (ख) तत्पुरूष

(ग) कर्मधारय (घ) द्विगु

(xiv) 'ने' किस कारक की विभक्ति है?

(क) कर्ता (ख) कर्म

(ग) करण (घ) अपादान

(xv) 'मुझसे पढ़ा नहीं जाता' इसमें कौन-सा वाच्य है?

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य

(ग) भाववाच्य (घ) इनमें से कोई नहीं

(xvi) 'राम पत्र लिखता है'— इसमें कौन-सा काल है?

(क) वर्तमान काल (ख) भूतकाल

(ग) भविष्यत् काल (घ) इनमें से कोई नहीं

(xvii) 'बालक' शब्द में कौन-सा वचन है?

(क) एकवचन (ख) बहुवचन

(ग) दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं '*उन्नीस*' (19) प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अनधिक 20–25 शब्दों में): 1×19=19

(i) 'सहसबाहु' और 'दसबदन' कौन हैं?

(ii) 'अहीर की छोहरियाँ' किसे और क्यों नचाती हैं?

(iii) मीरा ने किसके लिए पग में घुँघरू बाँध रखी थी?

(iv) बबूल का पेड़ लगाने पर क्या प्राप्त हो सकता है?

(v) कोटि-कोटि कंठों से निकली स्वरधारा क्या है?

(vi) गुरुदेव रचित दो प्रमुख रचनाओं का नाम लिखिए।

(vii) चिमटे का उपयोग कहाँ किया जाता है?

(viii) सोना का सबसे प्रिय भोजन क्या था?

(ix) कौन-सी आकांक्षाएँ आसमान छू रही हैं?

(x) संतों ने निन्दकों के बारे में क्या कहा है?

(xi) कुरुक्षेत्र के मैदान में ही कृष्ण ने अर्जुन को क्यों उपदेश दिया?

(xii) रोशन के दोस्त का नाम क्या है?

(xiii) 'माता-पिता' सामासिक पद का विग्रह करते हुए उसका नाम लिखिए।

(xiv) संधि विच्छेद कीजिए - विद्यालय

(xv) प्रत्यय पृथक कीजिए - रखवाला

(xvi) 'रस्सी' शब्द में कौन-सा लिंग है?

(xvii) 'पेड़ से पत्ते गिरे'— इस वाक्य में कौन-सा कारक है?

(xviii) सर्वनाम किसे कहते हैं? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

(xix) 'मेरी पुस्तक लाल रंग की है।'— इस वाक्य में कौन-सा विशेषण है?

(xx) 'अक्ल का दुश्मन' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

(xxi) '?' यह कौन-सा विराम चिन्ह है?

(xxii) महमूद और नूरे कौन हैं?

(xxiii) मुन्शी प्रेमचन्द की किसी एक रचना का नाम लिखिए।

(xxiv) अभिमन्यु कौन था?

**3.** प्रत्येक खण्ड के एक-एक प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम 60 शब्दों में): 3×2=6

खण्ड-क

(i) 'रोमांचित सी लगती वसुधा
आई जौ गेहुँ में बाली।

(क) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता से उद्धृत हैं?

(ख) पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। 1+2=3

(ii) 'सार-सार को गहि रहै, थोथा देइ उड़ाय'

(क) प्रस्तुत पंक्ति के कवि कौन हैं?

(ख) पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। 1+2=3

खण्ड-ख

(i) 'बुढ़िया का क्रोध तुरन्त स्नेह में बदल गया'

(क) प्रस्तुत पंक्ति के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ख) पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। 1+2=3

(ii) 'उसका मुख इतना छोटा सा था कि उसमें शीशी का निपल समाता ही नहीं था।'

(क) प्रस्तुत पाठ के लेखक का नाम लिखिए।

(ख) पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। 1+2=3

**4.** प्रत्येक खण्ड से एक-एक प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम 150-200 शब्दों में): 5+5+4=14

खण्ड–क

(i) 'कर्मवीर' कविता का मूलभाव अपने शब्दों में लिखिए। 5

(ii) पठित पदों के आधार पर कबीर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए। 5

खण्ड–ख

(i) आज की शिक्षण पद्धति को लेखक ने विचित्र क्यों कहा है? 5

(ii) हामिद का चरित्र-चित्रण कीजिए। 5

खण्ड–ग

(i) 'लक्ष्मी का स्वागत' एकांकी के आधार पर रौशन का चरित्र-चित्रण कीजिए। 4

(ii) इस आकाश मंडल में हमारी पृथ्वी की भूमिका और महत्व का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4

**5.** किन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अधिकतम 150 शब्दों में): 5×2=10

(i) 'लक्ष्मी का स्वागत' एकांकी की कथावस्तु संक्षिप्त में लिखिए।

(ii) रवीन्द्रनाथ टैगोर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

(iii) सोना के रूप सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए।

**6.** किसी *एक* विषय पर निबन्ध लिखिए (अधिकतम 300 शब्दों में): 10×1=10

(i) जीवन में अनुशासन का महत्व

(ii) मोबाइल की उपयोगिता – अनुपयोगिता

(iii) बढ़ती जनसंख्या : देश के लिए विराट समस्या

(iv) प्रदूषण की समस्या और समाधान

**7.** समाचार पत्र की महत्ता स्पष्ट करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए। 5

**8.** किसी *एक* प्रश्न का उत्तर दीजिए : 5

भाव विस्तार कीजिए :

'वही मनुष्य है जो मनुष्य के लिए मरे'

*अथवा,*

'दैव-दैव आलसी पुकारा'

**9.** किसी *एक* प्रश्न का उत्तर दीजिए : 4×1=4

(i) भाव संक्षेपण कीजिए :

चींटी को देखा
वह सरल विरल काली रेखा, तम के तागे
से जो हिल-डुल।
चलती लघु पद पल-पल मिल जुल,
वह है पिपीलिका पाँति।
काम करती वह सतत, कन-कन
करके चुनती अविरल।

(ii) हिन्दी में अनुवाद कीजिए—

The modern age is the age of science. Everywhere we see the wonders of science today. By the help of science, we have been successful in finding medicines for the various kind of diseases, which are sworn enemies and thus we have been trying to conquer them. Science has help us to learn many things about it.

———